# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लायें, अन्यथा कार्यवाही होगी : डीएम




नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कहा कि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाई जायें, अगली समीक्षा बैठक के पूर्व तक सुधार नही हुआ तो संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने शत प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने, जनजातीय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले मेलो की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने एवं टैम्पल रिकार्ड पोर्टल पर सभी मंदिरों की जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिये।

**मानपुर में सबसे ज्यादा एवं अगरा में सबसे कम निराकरण**

कलेक्टर सुश्री दाहिमा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि राजस्व अधिकारी निर्धारित दिनो में राजस्व न्यायालयों में बैठकर मामलों का निराकरण करें, समीक्षा में पाया गया कि नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार के न्यायालयों में निराकरण का कुल प्रतिशत 65.97 है, मानपुर द्वारा सबसे ज्यादा 72.99 प्रतिशत निराकरण किया गया है, जबकि अगरा का निराकरण प्रतिशत सबसे कम 52.99 है। अविवादित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि विजयपुर में सबसे कम 53.45 प्रतिशत निराकरण है, मानपुर में सर्वाधिक 69.78 प्रतिशत निराकरण है, कुल 4640 में से 2950 प्रकरण निराकृत किये गये है तथा 13 न्यायालयों में शेष 1690 प्रकरण लंबित है।

उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अविवादित बटवारा प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि रघुनाथपुर एवं विजयपुर में निराकरण की स्थिति कम है तथा पहेला में सबसे ज्यादा मामले निराकरण किये गये है। इसी प्रकार सीमांकन का कुल निराकरण प्रतिशत 89.80 पाया गया, अगरा और पाण्डोला में शत प्रतिशत निराकरण पाया गया तथा गोरस में सबसे कम 57.97 प्रतिशत निराकरण हुआ है। सभी न्यायालयों में सीमांकन के कुल 735 प्रकरणों में से 660 निराकृत कर दिये गये है तथा शेष 75 प्रकरण लंबित है। इसी प्रकार उन्होंने शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने के लिए सभी एसडीएम को कार्य योजना बनाने तथा योजना के अनुरूप ग्रामों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से शेष किसानों की ग्रामवार सूची तैयार कर शिविर लगाये जायें।

## सुरक्षा की दृष्टि से जलभराव वाले स्थानों के अत्यंत समीप जाने एवं सेल्फी लेना प्रतिबंधित

**श्योपुर, 15 जुलाई ।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा वर्षाकाल के दौरान नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के नदी, झरना, डैम, तालाब आदि स्थानों पर पर्यटन के दौरान पानी के अत्यधिक समीप जाने तथा सेल्फी एवं फोटो लेना प्रतिबंधित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी उक्त प्रतिबंधित आदेश के अनुसार तहसील श्योपुर अंतर्गत बंजारा डैम (सीप नदी), मोर डूंगरी (अमराल नदी), हाथी टीला (कदवाल नदी), बडौदा तहसील अंतर्गत पहाडली (पार्वती नदी), हथवारी, बागल्दा (अहेली नदी), कराहल तहसील अंतर्गत कूनो नदी सेसइपुरा, आवदा डैम, फूल्दा स्थित झरना, ककरधा रोड मंदिर एवं पुल के पास नदी, तहसील विजयपुर अंतर्गत बारधा डैम, अपर ककैटो डैम, कुवारी नदी घाट ग्राम मैदावली, खितरपाल एवं इकलौद स्थित स्थलो पर पानी के अत्यधिक समीप जाने, सेल्फी एवं फोटो लेने पर अगले दो माह के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के उल्लंघन पर बीएनएसएस की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी।

# क्वारी नदी में नहाने गई महिला की डूबने से मौत



**विजयपुर, 15 जुलाई।** विजयपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को क्वारी नदी में स्नान के दौरान एक 62 वर्षीय महिला की डूबने से मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला मरघट घाट पर नहा रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में बह गई। कुछ देर बाद उसका शव नीचे पुल के पास पानी में तैरता दिखाई दिया, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। क्वारी नदी में स्नान करने गई एक वृद्ध महिला की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मानसिक रूप से कमजोर और कम दृष्टि होने की बात आई सामने, बहते हुए पुल के पास पहुंचा शव**

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान सरोज (62) पिता बद्री लाल , निवासी वार्ड क्रमांक-12, नेहरू बाजार, विजयपुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार महिला मरघट घाट पर स्नान कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। तेज बहाव के कारण शव बहते हुए नीचे पुल के पास पहुंच गया। पुल पर मौजूद लोगों की नजर जब पानी में तैरते शव पर पड़ी तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि मृतका काफी समय से विजयपुर में रह रही थी। वह मानसिक रूप से कमजोर थी तथा उसकी आंखों की रोशनी भी कम थी, जिससे हादसे की आशंका और अधिक मानी जा रही है। हालांकि, महिला के नदी में डूबने के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच और पोस्ट मार्डम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**इनका कहना...**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला कुंवारी नदी में स्नान करने गई थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नदी में डूब गई। महिला मानसिक रूप से कमजोर थी और उसकी आंखों की रोशनी भी कम थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**राजन सिंह गुर्जर**
**थाना प्रभारी विजयपुर**

# ई-रिक्शा चालन प्रशिक्षण का सीईओ ने किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वीर सावरकर स्टेडियम में दिये जा रहे ऑन फील्ड प्रशिक्षण का सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समूह की महिलाओं से चर्चा कर प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण उपरांत ई-रिक्शा चलाये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल तथा आरसेटी प्रबंधक उपस्थित रहें।




उल्लेखनीय है कि एनआरएलएम अंतर्गत समूहों को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोडा जा रहा है। इसी क्रम में समूह की 25 महिलाओं को ई-रिक्शा चालन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण (आरसेटी) के माध्यम से दिया जा रहा है। बायपास रोड स्थित आरसेटी में इन हाउस प्रशिक्षण के साथ ही वीर सावरकर स्टेडियम श्योपुर में इन महिलाओं को ऑन फील्ड प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है तथा भौतिक रूप से ई-रिक्शा चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षित सभी 25 महिलाओं को शासन की योजना के तहत बैंको से ई-रिक्शा क्रय करने के लिए बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

# विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** जन शिक्षण संस्थान श्योपुर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जेएसएस श्योपुर द्वारा आज विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन जन शिक्षण संस्थान के सभागार हॉल मे आयोजित किया गया, जिसमें सभी अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण, द्वीप प्रज्वलित एंव सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय आईटीआइ के प्राचार्य निखिल उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि प्राचार्य निखिल ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। युवाओ के अन्दर सकारात्मक सोच के साथ अपने हुनर के साथ आगे बढे। उन्होने अपने हुनर, कौशल, प्रतिभा से देश की प्रगति मे योगदान देने वाले सभी युवाओ को शुभकामनाएं दी उन्होने कहा कि कौशल से राष्ट्रहित में युवा भागीदार बने तथा अपने हुनर से देश को आगे बढाने मे अपना सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा की युवाओं को अपने हुनर के साथ साथ सामान्य ज्ञान की भी जानकारी सिखनी चाहिए, जब कोई समाज स्किल को महत्व देता है तो समाज की उन्नति होती है दुनिया इस बात को जानती भी है लेकिन भारत की सोच इससे भी दो कदम आगे की रही है हमारे पूर्वजो ने स्किल को महत्व दिया है। लकड़ी के कारीगर, सफाईकर्मी, माली, कुम्हार, बुनकर ऐसे कितने ही लोग है जिन्हे परम्परा ने सम्मान दिया है। शिक्षा हमे ये जानकारी देती है कि हमे क्या करना है तो स्किल हमे सिखाती है कि वह वास्तविक स्वरूप मे कैसे होगा। स्किल इण्डिया मिशन इसी सच्चाई एवं जरूरत के साथ कदम से कदम मिलाए आगे बढ़ रहा है।




कार्यक्रम में सर्वप्रथम जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अजय सक्सैना ने संस्थान के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और बताया की आज का युग ज्ञान, तकनीक कौशल का युग है, विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ युवा हुनरमंद, आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनकर स्किल इंडिया मिशन के तहत अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा ने कहा की युवा अपने कौशल को निरंतर निखारे, नई तकनीको को सीखे और विकसित भारत के निर्माण मे अपनी सक्रिय भागीदारी निभाये।

## एक नजर में



### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत जाटखेडा का भ्रमण

**श्योपुर, 15 जुलाई।** दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने आज श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम जाटखेड़ा निवासी पशुपालक वीरेंद्र यादव पुत्र गजानंद यादव के घर पहुंचकर भेंट की गई। पशुपालक से चर्चा करने पर पाया कि उन्हें पशुपालन संबंधी सभी जानकारियां प्रदान की गई हैं तथा पशु पोषण, स्वास्थ्य एवं कृत्रिम गर्भाधान विशेषकर सेक्स शॉर्टड सीमन के बारे में उन्हें पूरी जानकारी पशुपालन विभाग के मैत्री, गौ सेवक व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा समुचित रूप से उपलब्ध कराई गई है। इनके द्वारा सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग कर गिर नस्ल की बछिया उत्पन्न कर उनका पालन पोषण किया जा रहा है।

### सीईओ जनपद एवं एसडीओ पीएचई द्वारा संयुक्त निरीक्षण



**श्योपुर, 15 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा नल-जल योजना की समीक्षा बैठक के दौरान ग्रामीण विकास विभाग और पीएचई अधिकारियों को ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में सीईओ जनपद विजयपुर दीपक धाकड एवं पीएचई एसडीओ आरपी सेगर द्वारा ग्राम पंचायत इकलौद के दुल्हावाला ग्राम में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। संयुक्त दल में शामिल अधिकारियों द्वारा नलजल योजना के स्त्रोत कुएं की मरम्मत कराये जाने के निर्देश संबंधित पंचायत सचिव को दिये गये।

### एससी आयोग के अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा

**श्योपुर, 15 जुलाई।** मध्यप्रदेश राज्य अनूसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव 16 जुलाई से श्योपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष श्री जाटव 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे कूनो वनमंडल के श्योपुर स्थित रेस्टहाउस पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष सहित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षदगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### युवाओं ने ली नशामुक्त समाज की शपथ

**श्योपुर, 15 जुलाई।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन तथा पुलिस मुख्यालय भोपाल (नारकोटिक्स विंग) के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के कुशल निर्देशन में जिले के शासकीय महाविद्यालयों में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस श्योपुर में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। यह 15 दिवसीय विशेष अभियान आगामी 30 जुलाई तक निरंतर संचालित रहेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग और समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए लीड कॉलेज प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने बताया कि सभी शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में विद्यार्थियों के माध्यम से सघन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नशामुक्ति समाज बनाने के लिए सामुहिक रूप से संकल्प लिया गया। महाविद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र हरदेनिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रेमचंद एक्का ने संयुक्त रूप से उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को जीवन भर नशीले पदार्थों से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई।

# सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा आज से

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।



विद्यालय प्राचार्य श्री खंडेलवाल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु के प्रति श्रद्धा, भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान तथा नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने बताया कि पखवाडे के दौरान मेरे जीवन में गुरु विषय पर भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक वाचन, भजन एवं गुरु वंदना जैसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योगाभ्यास, ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों से आयोजन में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा और जीवन मूल्यों से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जाएगा।

# दस्तक अभियान शुरू, 31 अगस्त तक चलेगा अभियान

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** श्योपुर जिले में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान शुरू हो गया है, जिसके तहत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमे शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को न केवल विटामिन-ए की खुराक पिलाने घर-घर दस्तक देंगी, बल्कि बाल्यकाल की बीमारियों की पहचान कर उनका उपचार प्रबंधन सुनिश्चित करेंगी। यह अभियान 31 अगस्त तक आयोजित होगा।

दस्तक अभियान का औपचारिक शुभारंभ गत दिवस जिला चिकित्सालय श्योपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग ने कहा कि शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को स्वस्थ रखने और कुपोषण मुक्त समाज बनाने में दस्तक अभियान की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई ने कहा कि अभियान के तहत बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जायेगी, गंभीर एनीमिया, निमोनिया और दस्त रोग से पीड़ित बच्चों की घर-घर जाकर चिन्हित कर उपचार प्रदान किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए घर-घर आने वाली स्वास्थ्य टीमों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा बच्चों को विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलायें।



# गैस सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप

## बीरपुर के खैरोदाकलां में रामसिंह जाटव का आशियाना जलकर खाक, भारी नुकसान





नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 जुलाई।** श्योपुर जिले की बीरपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खैरोदा कलां में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ एक घर में रखा एचपी कंपनी का रसोई गैस सिलेंडर अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना भयानक था कि देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण अग्निकांड में पीड़ित रामसिंह जाटव (पिता गोकुल जाटव) का मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है।

**धमाके से दहला पूरा इलाका, मची अफरा-तफरी:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब घर में अचानक गैस रिसाव (लीकेज) के कारण आग भड़क गई और देखते ही देखते सिलेंडर ने आग पकड़ ली। इससे पहले कि परिवार के लोग कुछ समझ पाते या आग पर काबू पाते, सिलेंडर में एक जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरा गांव दहल उठा। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और घर से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी थीं।

**सब कुछ जलकर हुआ राख, दाने-दाने को मोहताज हुआ परिवार:** इस हादसे में रामसिंह जाटव के परिवार का सब कुछ तबाह हो गया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, घर के मलबे में तब्दील होने के साथ ही उसमें रखा-खाने-पीने का अनाज और राशन का सामान, ओढ़ने-बिछाने के कपड़े और बिस्तर, घर में रखी नकदी और जरूरी दस्तावेज, तथा गृहस्थी का पाई-पाई जोड़कर बनाया गया अन्य कीमती सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया है।गनीमत बस इस बात की रही कि धमाके की आहट मिलते ही परिवार के लोग समय रहते घर से बाहर निकल आए, जिससे किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा। लेकिन इस कड़कड़ाती धूप और मौसम में पूरा परिवार अब खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो गया है।

**ग्रामीणों ने बुझाई आग, प्रशासन से मुआवजे की गुहार:** हादसे के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पानी और मिट्टी डालकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमले को दी गई है।

पीड़ित रामसिंह जाटव बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इस भारी आर्थिक नुकसान के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बीरपुर तहसीलदार से मांग की है कि- पीड़ित परिवार के नुकसान का तत्काल सर्वे (आकलन) कराया जाए।

पीड़ित को शासन के नियमानुसार तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा और सहायता राशि प्रदान की जाए। बेघर हुए परिवार के रहने और भोजन की अस्थाई व्यवस्था तुरंत कराई जाए।

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2026/13 दिनांक : 16.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर **online** प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा ।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-10-2026-27 दिनांकः 07.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदियें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-10-2026-27, **कार्य का विवरणः** विद्युत सामान्य कार्यः- झाँसी परिसर में AC कोच के लिए प्री-कूलिंग पॉइंट्स का बदलना और उनमें बदलाव करना।

| | |
|---|---|
| **निविदा राशि :** ₹ 68,78,910/- मात्र | **बयाना राशि :** ₹ 1,37,600/- मात्र |
| **कार्य समापन अवधिः** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथिः** 31.07.2026 (15:00 बजे तक) |

**नोटः (1)** निविदाकार निविदा दिनांक **31.07.2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। **(2)** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिय भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **1609/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No.: JHS-ELG-W-T-06-2026-27 दिनांकः 07.07.2026

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-06-2026-27 | **निविदा राशिः** ₹ 1,24,94,774/- मात्र |
| **कार्य का विवरणः विद्युत सामान्य कार्य :-** झाँसी डिवीजन के स्टेशनों पर इमरजेंसी लाइटिंग सिस्टम में सुधार। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 2,49,900/- मात्र | **कार्य समापन अवधिः** 06 माह |
| **निविदा बंद होने की तिथिः 31.07.2026 (15.00 बजे तक)** | |

निविदाकार निविदा **दिनांक 31.07.2026** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **1608/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in